राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

क्रमांकःप.14(42)RSMSSB/अर्थना/मा.शि./प्रयो.सहा./2016/284 दिनांक : 20.07.2017

-:: संशोधित विज्ञप्ति ::-

बोर्ड की समसंख्यक विज्ञापन संख्या 08/2016 दिनांक 22.09.2016 द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिये निम्नानुसार प्रयोगशाला सहायकों की रिक्तियों हेतु भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थेः–

क्र. स.	पद कोड संख्या	पद का नाम	विभाग का नाम	पदो की संख्या		
				गैर अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	कुल पद
1.	01	प्रयोगश्याला सहायक	माध्यमिक शिक्षा विभाग	1532	184	1716
2.	02		कृषि विभाग	46	04	50
3.	03		कॉलेज शिक्षा विभाग	117	13	130
कुल पद				**1695**	**201**	**1896**

बाद में बोर्ड की समसंख्यक संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 519 दिनांक 19.10.2016 द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान के लिए प्रयोशाला सहायकों की भर्ती हेतु निम्नानुसार पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थेः–

क्र. स.	पद कोड संख्या	विभाग का नाम	पद का नाम	पदो की संख्या		
				गैर अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	कुल पद
4.	04	राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान	प्रयोगशाला सहायक (फोटो के अलावा)	18	-	18
5.	05		कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	27	-	27

मूल विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या 1.1 में मेरिट लिस्ट में से वरियता के अनुसार सर्वप्रथम माध्यमिक शिक्षा विभाग, उसके बाद कृषि विभाग और इसके बाद कॉलेज शिक्षा विभाग के पदो को भरे जाने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद संशोधित विज्ञप्ति के जरिये कॉलेज शिक्षा विभाग के बाद राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला विभाग के लिये प्रयोगशाला सहायक (फोटो के अलावा) तथा अंत में कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक का प्राथमिकता क्रम निर्धारित कर दिया गया था।

उक्त संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा दिनांक 13.11.2016 को सम्पन्न हो चुकी है और इसका परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुआ है।

बोर्ड द्वारा उक्त परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को विभाग/पद का आवंटन उनसे विभाग/पद का प्राथमिकता क्रम का विकल्प(Option) लेकर वरीयता के आधार पर करने का निर्णय लिया है।

अतः प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2016 में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को इस विज्ञप्ति के जरिये सूचित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक में विभाग/पद का प्राथमिकता क्रम का विकल्प(Option) दिनांक 22.07.2017 से दिनांक 05.08.2017 तक रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत कर देवें। जो अभ्यर्थी/परीक्षार्थी निर्धारित समय तक ऑनलाइन प्राथमिकता क्रम प्रस्तुत नहीं करेंगे उन्हे अन्य कोई अवसर दिये बिना भर्ती विज्ञापन व संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार विभाग/पदों का आवंटन कर दिया जायेगा और इस पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

ऑनलाइन प्राथमिकता क्रम का विकल्प(Option) भरने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर लिंक दिनांक 22.07.2017 से सक्रिय होगा तथा दिनांक 05.08.2017 को रात्रि 12.00 बजे स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा।

प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2016 के अन्तर्गत प्रयोगशाला सहायक के विभाग/पद के संबंध में प्राथमिकता कम के विकल्प(Option) ऑनलाईन भरने हेतु निम्नानुसार प्रकिया का अनुसरण करें :–

1. बोर्ड की वेबसाईट ***http://rsmssb.rajasthan.gov.in*** के ***"Recruitment Advertisement"*** मेन्यू पर Click करे।
2. ***Direct Joint Recruitment for Lab Assistant Exam – 2016*** के सामने ***"Apply Online"*** लिंक पर Click करें ।
3. ***Post Detail*** पेज के दाहिनी तरफ उपलब्ध लिंक ***"Post Preference"*** पर Click करें।
4. ***Post Preference Login Page*** में अपना Application ID अथवा रोल नम्बर व जन्मदिनांक भरें।
5. आवेदन पत्र में भरे गये **मोबाईल** नम्बर एवं Email Addrees पर OTP (One Time Password) प्राप्त करने हेतु ***"Send OTP"*** पर Click करें।
6. मोबाईल नम्बर पर एसएमएस एवं Email Addrees द्वारा प्राप्त OTP को ***"Send OTP"*** के सामने उपलब्ध Text box में दर्ज करने के बाद ***Submit*** बटन पर Click करें।
7. अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार पांचो पदो के लिए 1 से लेकर 5 तक कोई भी विकल्प भरें।
8. पद चयन विकल्प भरे जाने के बाद ***Save*** बटन पर Click कर Post Preference का Preview देखें।
9. आश्वस्त होने पर ***"Final submit"*** बटन पर Click करें।

(डॉ. नन्द सिंह नरूका)

अध्यक्ष